# स्मार्ट सिटी के 5 .59 करोड़ रुपए के सोलर प्लांट बंद

## हर साल 75 लाख से अधिक का नुकसान, नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने स्मार्ट सिटी सीईओ से की शिकायत, जांच की मांग





**उज्जैन। शहर के जलप्रदाय संयंत्रों पर बिजली बिलों की भारी-भरकम राशि बचाने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी द्वारा 5.59 करोड़ रुपये की लागत से लगाए गए 1.29 मेगावॉट के सोलर प्लांट वर्तमान में पूरी तरह बंद पड़े हैं। साल 2019 में स्थापित इन सोलर पैनलों से बिजली उत्पादन ठप होने के कारण नगर निगम को हर साल 75 लाख रुपये से अधिक का नुकसान उठाना पड़ रहा है।**

इस गंभीर मामले में नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने स्मार्ट सिटी कार्यालय के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) को शिकायत दर्ज कराते हुए मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

### राशि का हुआ भुगतान- प्रबंधन से जवाब तलब

शिकायत में दिए गए आंकड़ों के अनुसार, स्मार्ट सिटी द्वारा लगाए गए इन प्लांट की कुल क्षमता 1290 किलोवॉट है। प्रति किलोवॉट प्रतिदिन 4 यूनिट के मान से इनसे हर दिन 5160 यूनिट और एक वर्ष में 18,83,400 यूनिट बिजली का उत्पादन होना था। यदि 4 रुपये प्रति यूनिट की दर से इसकी गणना की जाए, तो प्लांट के बंद होने से सालाना 75,33,600 रुपये की सीधी आर्थिक हानि हो रही है। बताया गया है कि इन प्लांट की स्थापना के लिए 5 करोड़ 59 लाख रुपये की पूरी राशि का भुगतान भी किया जा चुका है। राशि भुगतान के बावजूद आज तक ये सुचारू रूप से चालू नहीं हो सके हैं। इस पूरे घटनाक्रम और भारी राजस्व हानि को लेकर नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय ने सात प्रमुख सवाल उठाते हुए स्मार्ट सिटी प्रबंधन से जवाब तलब किया है। उन्होंने अपनी शिकायत में पूछा है कि ये सौर ऊर्जा प्लांट अपनी स्थापना दिनांक से कब तक चालू अवस्था में रहे और इनका काम स्मार्ट सिटी के किन इंजीनियरों की देखरेख में पूरा हुआ था।

### दोषियों की जवाबदेही तय हो

इसके साथ ही उन्होंने प्लांट स्थापित करने वाली एजेंसी का नाम, उसकी गारंटी व मेंटेनेंस अवधि और स्वीकृति के समय प्रस्तावित उत्पादन क्षमता की जानकारी भी मांगी है। डॉ. राय ने स्मार्ट सिटी सीईओ से यह भी स्पष्ट करने को कहा है कि इन प्लांट के चलने से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी के बिलों में निगम को कितनी राशि की बचत हुई, यह प्लांट कितने दिनों से बंद हैं और बिजली उत्पादन कब से ठप पड़ा है। रवि राय ने इस लापरवाही से निगम को हुई कुल राजस्व हानि का आकलन करते हुए दोषियों की जवाबदेही तय करने की मांग की है।



# हिंदू जनजागृति समिति ने सौंपा ज्ञापन

**उज्जैन।** बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भीतर हिंदू महिला कर्मचारियों को निशाना बनाने वाली मानसिकता और संगठित कॉर्पोरेट जिहाद के खिलाफ हिंदू जनजागृति समिति ने उज्जैन प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय महिला आयोग को ज्ञापन सौंपा।

महाराष्ट्र के नासिक में सामने आई दिल दहला देने वाली घटनाओं का हवाला देते हुए समिति ने कहा कि कॉर्पोरेट जगत में हिंदू महिलाओं का शोषण, उन्हें जबरन नमाज पढ़ने और गोमांस खाने के लिए मजबूर करना एक बड़े धार्मिक आतंक का हिस्सा है, जिसे अब सहन नहीं किया जाएगा। समिति ने उज्जैन के नायब तहसीलदार माधव प्रसाद मोगरे के माध्यम से मांग की है कि उज्जैन और मध्यप्रदेश में चल रही मल्टीनेशनल कंपनियों में भी इस तरह की घटनाओं की तुरंत जांच की जाए। समिति ने कड़े शब्दों में कहा कि कॉर्पोरेट के नाम पर हिंदू महिलाओं का शोषण और धर्मांतरण का खेल अब बंद होना चाहिए। हिन्दू जनजागृति समिति के श्रीराम काणे, शैलेन्द्र सोठिया, शिवम सोनी, भारत रक्षा मंच के शैलेंद्र सेठ, कपिल गौड, विजय जोशी, सनातन संस्था की स्मिता कुलकर्णी, बबीता खत्री, राधा खत्री, समाजसेवी किरण कुलकर्णी तथा राजश्री जोशी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय नृत्योत्सव कल से, डॉ. पूनम व्यास को मिलेगा पं. कुंदनलाल गंगानी अलंकरण

- देशभर के शास्त्रीय और
- उपशास्त्रीय नर्तक देंगे प्रस्तुतियां

**उज्जैन।** महाकाल की नगरी में एक बार फिर शास्त्रीय नृत्य का वृहद आयोजन होने जा रहा है। प्रतिभा संगीत कला संस्थान उज्जैन के तत्वावधान में 16 और 17 मई को कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में सातवां किंकिणी कीर्तन राष्ट्रीय नृत्योत्सव 2026 आयोजित होगा। इस प्रतिष्ठित समारोह में बनारस घराने की सुप्रसिद्ध नृत्य गुरु डॉ. पूनम व्यास को कला क्षेत्र में उनके 50 वर्षों के सुदीर्घ योगदान के लिए स्व. पंडित कुंदनलाल गंगानी स्मृति नृत्यालंकरण से सम्मानित किया जाएगा।




संस्थान की निदेशक इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी एलची ने बताया कि समारोह में देश भर से नवोदित और स्थापित कलाकारों का समागम होगा। दो दिवसीय इस उत्सव में अखिल भारतीय शास्त्रीय और उपशास्त्रीय कथक नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा कला साधकों को गुरु पंडित राजेंद्र गंगानी युवा कथक अलंकरण प्रदान किया जाएगा। नृत्यालंकरण से सम्मानित होने जा रहीं उज्जैन की डॉ. पूनम व्यास विख्यात नर्तक गोपी कृष्ण की शिष्या रही हैं। उन्होंने अपने पिता मृदंगाचार्य पं. रामदास के मार्गदर्शन में कला के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। उनके तैयार किए हुए शिष्य वर्तमान में देश-विदेश में भारतीय संस्कृति का परचम लहरा रहे हैं।

### यह रहेगा दो दिवसीय नृत्योत्सव का कार्यक्रम

आयोजन के तहत 16 मई शनिवार को प्रातः 10 बजे से पं. सूर्यनारायण व्यास संकुल में नृत्य प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। यह प्रतिस्पर्धा लगातार रात्रि 10 बजे तक चलेगी। अगले दिन 17 मई रविवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रतिस्पर्धा जारी रहेगी। रविवार शाम 5 बजे से अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में नृत्योत्सव का समापन, अलंकरण समारोह और पुरस्कार वितरण आयोजित होगा। दो दिवसीय इस आयोजन में देशभर से पधारे कला साधक कथक और भरतनाट्यम की एकल, युगल और समूह प्रस्तुतियां देंगे। आयोजकों ने कलाप्रेमियों से इस गरिमामय आयोजन में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# हत्या के आरोपी मां-बेटे को आजीवन कारावास

**उज्जैन।** 2 साल पहले हुई युवक की हत्या के मामले में न्यायालय ने सुनवाई पूरी होने पर फैसला सुनाते हुए मां बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने बताया कि दिनांक 19 अप्रैल 2024 को फरियादी लोकेश गोरकर ने नीलगंगा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भैरु महाराज के मन्दिर के पीछे से गाली गलौज की आवाज सुनी देखा तो राजा अहिरवार निवासी जबरन कालोनी बंटी को चाकू से चमका रहा था।

रोहित पासी ने उनका बीच बचाव कर राजा को वहां से भगाया तभी अचानक चिन्टू कुशवाह के मकान में किराये से रहने वाली रेखा बाघेला ने ईंट से बंटी पर हमला किया। रेखा बाघेला बन्टी से झूमाझटकी करने लगी तभी वहां रेखा बाघेला के लड़के अंकित बाघेला और दीपक बाघेला हाथ में चाकू लेकर आ गये और बन्टी को गंदी गंदी गलियां देकर बोलने लगे कि तुझे जान से खत्म कर देंगे। ऐसा कहकर अचानक चाकुओं से बन्टी को जान से मारने की नीयत से कई वार किये। जिससे बन्टी के शरीर पर कई जगह चोंट लगी और वह रोड पर गिर पड़ा। फिर उसे टीकू उर्फ मोहित परमार और पंकज तोमर बन्टी को उठाकर टीकू की बोलेरो जीप से अस्पताल ले गये।

जहां डॉक्टरों ने बन्टी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस में मामले में धारा 302, 34 भादवि का पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया गया। जहां 2 साल तक चली सुनवाई के बाद प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पीसी गुप्ता ने फैसला सुनाते हुए रेखा पति दिनेश वाघेला 41 वर्ष और दीपक उर्फ रजनीश पिता दिनेश वाघेला 20 वर्ष निवासीगण भोई मोहल्ले के पास ग्राम रूई जिला उज्जैन को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास से दण्डित किया गया। प्रकरण में नितेश कृष्णन विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने आरोपीगणों को दण्डित किया।

## एक नजर में



### विकास कार्यों का साइकिल से निरीक्षण

**उज्जैन।** उज्जैन के साधु-संतों ने 2028 सिंहस्थ महापर्व के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण साइकिल से पहुंचकर किया। इस दौरान संत समाज ने आमजन को भी पर्यावरण संरक्षण और सादगी का संदेश दिया। उज्जैन के ऋणमुक्तेश्वर गादीपति महंत महावीर नाथ महाराज साइकिल चलाते हुए निरीक्षण के भैरव गढ़ क्षेत्र के घाटों का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। जबकि उनके भक्त पीछे ई-रिक्शा में नजर आए। महावीर नाथ महाराज ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा देशहित में किए जा रहे कार्यों और उनके आव्हान से प्रेरणा लेते हुए अपने काफिले को छोटा किया है। उसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए संत समाज ने निर्णय लिया है कि आगामी एक वर्ष तक सिंहस्थ से जुड़े विकास कार्यों के निरीक्षण के लिए वे साइकिल से ही जाएंगे। संतों ने कहा कि इसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, ईंधन बचत और आमजन में सकारात्मक संदेश पहुंचाना है। साथ ही उन्होंने उज्जैन में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शहर को अत्यंत सुंदर और व्यवस्थित स्वरूप दिया जा रहा है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को नए रूप में उज्जैन देखने को मिलेगा। संत समाज ने विश्वास जताया कि भविष्य में होने वाला सिंहस्थ और महाकुंभ भव्य एवं ऐतिहासिक रूप में आयोजित होगा, जिसके लिए प्रशासन और सरकार द्वारा तेजी से कार्य किए जा रहे हैं।




### नगर निगम का भूजल पुनर्भरण अभियान जारी

**उज्जैन।** पृथ्वी पर जल सबसे महत्वपूर्ण संसाधनों में से एक है, इसीलिए जीवन के लिए जल संरक्षण अपरिहार्य है। वर्तमान समय में घटते भूजल स्तर, अनियमित वर्षा, बढ़ते शहरीकरण तथा जल संकट की चुनौतियों को देखते यह अनमोल संसाधन संरक्षित रहे। इसका उद्देश्य जन सहयोग से जल स्रोतों का संरक्षण, जीर्णोद्धार, साफ-सफाई और पौधारोपण करना है। नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के नेतृत्व में व्यापक स्तर पर वर्षा जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण अभियान संचालित किया जा रहा है। यह अभियान केवल जल संरक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि भविष्य की जल सुरक्षा सुनिश्चित करने, शहरी जलभराव कम करने, भूजल स्तर सुधारने तथा पर्यावरणीय संतुलन स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नगर निगम उज्जैन द्वारा इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने हेतु निरंतर व्यापक जनसंपर्क एवं जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जा रही हैं।

### डीएलसी कार्य को शीघ्र पूर्ण करें : निगमायुक्त



**उज्जैन।** उज्जैन शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। जिससे सिंहस्थ महापर्व के दौरान आवागमन सुगम होगा। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रतिदिन रिव्यू बैठक लेकर चौड़ीकरण कार्यों का निरीक्षण किया जा रहा है। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने गुरुवार को प्रचलित कोयला फाटक से कंठाल चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। आयुक्त ने ठेकेदार को निर्देशित किया कि चौड़ीकरण मार्ग में सीआरएम कार्य पूर्ण हो गया है। डीएलसी कार्य पूर्ण कर कार्य को शीघ्र गति से गुणवत्ता पूर्वक सम्पन्न करें।

# वाणिज्य कर विभाग को वर्षों बाद मिला वॉटर कूलर, मिलेगी राहत

## संयुक्त आयुक्त रीता चतुर्वेदी का माना आभार

नवभारत न्यूज़

**उज्जैन।** बाबा महाकाल की पावन नगरी स्थित वाणिज्य कर विभाग में कई वर्षों से पीने के पानी के लिए वाटर कूलर नहीं था। मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के निरंतर प्रयासों और संयुक्त आयुक्त राज्यकर उज्जैन संभाग श्रीमती रीता चतुर्वेदी के सहयोग से 13 मई 2026 को विभागीय सर्कल में वाटर कूलर स्थापित किया गया। इस सुविधा से अधिकारी और कर्मचारियों को बड़ी राहत मिली है।

संघ के जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी के नेतृत्व में वाणिज्य कर विभाग के विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री ने वाटर कूलर लगाने के लिए लंबे समय से अथक प्रयास किए जा रहे थे। कर्मचारियों की यह अहम मांग पूरी होने पर कर्मचारी संघ की ओर से संयुक्त आयुक्त रीता चतुर्वेदी का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि इस शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला सचिव मुकेश रायकवार, विभागीय अध्यक्ष सुनील खत्री, मदनलाल चौहान, आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संभागीय अध्यक्ष गुलशन मंसूरी, महेंद्र टांकले, अनिल कुशवाह, विमला सखवार और चंद्रकांता बैरागी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# देवास से 6 वर्ष बाद गिरफ्त में आया डकैती का मुख्य आरोपी

- नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 6 साल पहले का मामला

**उज्जैन।** नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 6 साल पहले चौकीदार को बंधक बनाकर सात बदमाशों ने डकैती को अंजाम दिया था। पुलिस ने छह बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया था। एक बदमाश लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर इनाम घोषित किया गया था। फरार बदमाश को मंगलवार-बुधवार रात देवास से गिरफ्तार कर लिया गया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 24 दिसंबर 2020 को आधी रात में ग्राम मौलान स्थित नवधा एग्रो टेक फैक्ट्री में 2 व्यक्ति पानी पीने के बहाने आये थे, चौकीदार ने उन्हे रोका तो दोनों के अन्य साथी भी तलवार-कट्टे से लैस होकर फैक्ट्री में घुस गये थे। बदमाशों ने चौकीदार को बंधक बनाकर फैक्ट्री के शटर का ताला काटा गया था और गोदाम में रखी 50 बोरी नट बोल्ट, 50 नग थ्रेशर पुली, पाइप काटने का कटर, 40 बोरी सोयाबीन, खाली गैस टंकी, डीपी ऑयल, 3 सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर लूट लिया था। मामले में चौकीदार की सूचना पर धारा 458, 380 का प्रकरण दर्ज कर जांच के बाद धारा 395 और 411 का इजाफ किया। छह बदमाशों को कुछ दिन बाद गिरफ्तार कर लिया गया था। मामले में फारुख पिता अहमद हुसैन निवासी रसूलपुर जिला देवास लगातार फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया। 6 साल बाद खबर मिली कि बदमाश फारूख अपने घर रसूलपुर आया हुआ है। तत्काल एक टीम देवास रवाना की गई और रात में उसे घेराबंद कर हिरासत में लिया। जिसे बड़नगर लाने के बाद बुधवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है।

### जेल वारंट जारी होते ही डॉक्टर की बिगड़ी तबीयत

उज्जैन। 11 साल की बालिका का अपेंडिक्स ऑपरेशन हुआ था। जिसकी मौत हो गई। परिजनों के हंगामे के बाद पुलिस ने डॉक्टर और निजी क्लीनिक संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था। डॉक्टर और संचालक की गिरफ्तारी कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजने के आदेश जारी किए गए। यह सुन डॉक्टर की तबीयत बिगड़ गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 9 अप्रैल को मंछामन स्थित जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में राघवी क्षेत्र की रहने वाली 11 वर्षीय बालिका दीपिका पिता मेहरबान डाबी का डॉ. देवेश तिवारी और क्लीनिक संचालक राजेश चौहान ने अपेंडिक्स का ऑपरेशन किया था। कुछ देर बाद ही बालिका की मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामे के बाद नीलगंगा पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। न्यायालय में पेश करने पर दोनों को जेल भेजन के आदेश जारी कर दिए गए। जिसके बाद डॉ. तिवारी का बीपी हाई हो गया। जिसे चरक अस्पताल लाया गया जहां आईसीयू में उपचार के लिए भर्ती किया गया। डॉक्टर का पुलिस अभिरक्षा में उपचार चल रहा है।

# दुर्लभ संयोग में कल सूर्यपुत्र शनिदेव का महामस्तकाभिषेक

**नीलगंगा सरोवर से निकलेगी कलश यात्रा, साढ़ेसाती व ढैय्या निवारण के लिए होंगे अनुष्ठान**

**उज्जैन।** शनिश्चरी अमावस्या और शनि जयंती के दुर्लभ अवसर पर 16 मई, शनिवार को जंतर मंतर के समीप चिंतामन मार्ग स्थित श्री शनि शक्ति पीठ मंदिर में भगवान श्री कुबेर शनिदेव का तेल से महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। सूर्यग्रहण और सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के इस विशेष संयोग पर मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे।

### शनिवावर को निकलेगी कलश यात्रा

आयोजक पं. राजेंद्र उपाध्याय ने बताया कि इस दुर्लभ अवसर पर शनिदेव को प्रसन्न करने हेतु गुरुदेव महंत शनि भारती द्वारा विशेष तेलाभिषेक, अनुष्ठान और महाआरती संपन्न कराई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत 16 मई, शनिवार को प्रातः 9 बजे नील गंगा सरोवर घाट जूना अखाड़ा से निकलने वाली कलश यात्रा के साथ होगी, जो श्री शनि शक्ति पीठ मंदिर पहुंचेगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे मंदिर परिसर में भगवान का महामस्तकाभिषेक किया जाएगा। वहीं, शाम 7 .30 बजे भव्य महाआरती होगी और भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमियों से सपरिवार उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

ज्योतिषाचार्य साधना शर्मा ने बताया कि भगवान श्री शनिदेव के वक्री होने के कारण साढ़ेसाती, ढैय्या और पनौती के प्रभाव से लोगों को धन हानि, व्यापार व नौकरी में समस्या, गृहक्लेश, तलाक, आपसी झगड़े,



बीमारी, अकाल मृत्यु और शत्रु बाधा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन सभी समस्याओं के निवारण के लिए इस दिन भगवान शनिदेव को तुलादान, छाया दान और तेल दान करने से भक्तों को चमत्कारिक लाभ प्राप्त होता है।

# विवाद के बाद पत्नी ने लगाई फांसी

- मोबाइल नहीं देने पर पति से विवाद हुआ था, उठाया आत्मघाती कदम

**उज्जैन।** पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम बांदका बड़ला में रहने वाली सुभाबनी बाई पति विशाल गुजरिया ने रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उज्जैन लेकर आए थे। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

गुरुवार सुबह सामने आया कि फांसी लगाने वाली सुभाबनी का मोबाइल नहीं देने पर पति से विवाद हुआ था। जिसके चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। वहीं एक अन्य मामले में नीलगंगा थाना क्षेत्र के इंदौर रोड मार्ग पर बन रहे युनिटी मॉल में काम कर रहे मजदूर की दूसरी मंजिल से गिरने पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक मजदूर का नाम मुनिंदर पिता पुलिंदर 26 साल निवासी पंजाब सामने आया है। मामले में मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। विदित हो कि सिंहस्थ को लेकर चल रहे कामों में बाहर के मजदूर काम कर रहे हैं। पूर्व में भी कई मजदूर की निर्माण कार्य के दौरान मौत हो चुकी है।

# सीबीएसई कॉमर्स में युवराज और विज्ञान में ध्रुव रहे प्रथम

**उज्जैन।** महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के आलोक इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्र 2025-26 की सीबीएसई 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। विज्ञान और कॉमर्स संकाय के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। प्राचार्या यामिनी पाटनकर ने बताया कि कॉमर्स संकाय में युवराज सिंह परिहार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी संकाय में अलीना ग्रोवर द्वितीय और हंसा कुंवर राठौड़ तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, विज्ञान संकाय में ध्रुव आंजना ने प्रथम स्थान प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों की इस सफलता पर संस्था अध्यक्ष आलोक वशिष्ठ ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने इस शानदार परिणाम का श्रेय विद्यार्थियों के निरंतर परिश्रम, अनुशासन, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया। इस अवसर पर एडमिनिस्ट्रेटर नेहा झा, प्राचार्या सहित विद्यालय प्रबंधन और समस्त शिक्षकों ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बेहतरीन परीक्षा परिणाम से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

**महाकाल मंदिर... इंदौर के श्रद्धालु की शिकायत के बाद टीम सीसीटीवी फुटेज के जरिए 40 किलो मीटर दूर से पकड़ लाई**

# 5 लाख का ब्रेसलेट गुमा, आईटी सेल ने डेढ़ घंटे में खोज निकाला



**उज्जैन।** महाकाल मंदिर में गुरुवार को दर्शन के लिए आए इंदौर के एक श्रद्धालु का 5 लाख रुपए का हीरे जड़ित ब्रेसलेट गुम हो गया। श्रद्धालु ने मंदिर कार्यालय में इसकी शिकायत की।

मंदिर समिति की आईटी सेल के निर्मल सांखला, दीपक परमार, एसटीएफ रोहित ठाकुर व इंदर सिंह देवड़ा ने सीसीटीवी फुटेज देखकर पता लगाते हुए ब्रेसलेट चुराकर ले गए युवक को तराना से पकड़ लाई और पुलिस के हवाले कर ब्रेसलेट श्रद्धालु को लौटाया।

### महाकाल मंदिर प्रबंध समिति में प्रतिनिधित्व दें



उज्जैन में नाथ संप्रदाय के प्रमुख केंद्र भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में कार्यरत श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति में संत समाज एवं नाथ संप्रदाय के प्रतिनिधित्व की मांग की है। इस मांग का पत्र आपने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को लिखा है। इस आशय के पत्र की प्रति केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह एवं अमित शाह को भी भेजी गई है। योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने बताया कि वर्ष 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ महापर्व के दौरान महाकाल मंदिर में देशभर से अखाड़ों, संप्रदायों से जुड़े साधु-संत का आगमन होगा जिनके दर्शन-पूजन आदि की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिए समिति में संत समाज एवं नाथ संप्रदाय से प्रतिनिधि होना आवश्यक है।